**+3 SEM-1(NEP)**
**HIN-AEC-1(ARTS)**

**DECEMBER, 2024**

प्रयोजनमूलक हिंदी

पूर्णांक -100 अवधि - 3 घंटे

**1. सही उत्तर चुनकर लिखिए।** **1x10=10**

i. प्रयोजनमूलक हिंदी का अर्थ है-
क. मानक हिंदी ख. आदर्श हिंदी
ग. राष्ट्रभाषा घ. कार्यालयी हिंदी

ii. प्रयोजनमूलक हिंदी की प्रमुख समस्या है –
क. पारिभाषिक शब्दावली की समस्या ख. बहुभाषा वाद की समस्या
ग. व्यवहारिक समस्या घ. तकनीकी समस्या

iii. संविधान की कौन सी अनुसूची में राजभाषा के विषय में उल्लेख किया गया है?
क.सप्तम ख.अष्टम
ग.नवम घ. दशम

iv. इनमें से प्रयोजनमूलक की विशेषताएं हैं –
क. वैज्ञानिकता ख. कृत्रिमता
ग़. अनुप्रयुक्तता घ. सभी

v. राज्य की राज्य भाषाओं के बारे में किस अनुच्छेद में उल्लेख हुआ है?
क.341 ख.342
ग.343 घ.345

vi. सृजनात्मक भाषा का प्रयोग होता है -
क.विज्ञान में ख.साहित्य में ग.इतिहास में। घ.सभी में

vii. बच्चों के अवचेतन मन में कौन सी भाषा बस जाती है?
क. संचार भाषा ख. राजभाषाग ग.मातृभाषा घ. राष्ट्रभाषा

viii. आलेखन को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?
क. Noting ख. Drafting
ग़. Testing घ. Posting

ix. पल्लवन का अंग्रेजी पर्याय है -
क. Notification ख. Circular
ग़. Reminder घ. Amplification

x. पल्लवन किसका विलोम है?
क.आलेखन ख.टिप्पण
ग.संक्षेपण घ.रेखांकन

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।** **2x9=18**

i. प्रयोजनमूलक हिंदी की एक परिभाषा लिखिए।

ii. पल्लवन के तत्व से क्या आशय है?

iii. संक्षेपण का क्या अर्थ है?

iv. पारिभाषिक शब्द का दूसरा नाम क्या है?

v. कंप्यूटर का अर्थ और परिभाषा लिखिए।

vi. पी.एस.यू .(P.S.U)का कार्य क्या है?

vii. इनपुट यूनिट के अंतर्गत कौन-कौन से डिवाइस आते हैं?

viii. "Order may be communicated" हिंदी में इसे लिखिए।

ix. "संक्षिप्त टिप्पणी नीचे दी जा रही है"

इस टिप्पणी को अंग्रेजी में लिखिए।

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दीजिए। 5x8=40**

i. कंप्यूटर की किन्हीं तीन उपयोगिताओं का वर्णन कीजिए।

ii. इंटरनेट के स्वरूप एवं विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

iii. डाउनलोडिंग किसे कहते हैं? सोदाहरण समझाइए।

iv. वेब पत्रकारिता की चर्चा कीजिए।

v. पारिभाषिक शब्दावली बनाने में

'निर्माण पद्धति' की क्या भूमिका है?

vi. कार्यालय में संक्षेपण लेखन की क्या आवश्यकता है?

vii. संक्षेपण और पल्लवन में अंतर बताइए।

viii. अर्ध सरकारी पत्र किसे कहते हैं? उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

ix. आलेखन की परिभाषा लिखकर इसके भेदों का नाम बताइए।

x. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 800 शब्दों में दीजिए। 8x4=32**

i. हिंदी के विविध रूपों की विस्तृत चर्चा कीजिए।

ii. सामान्य हिंदी और प्रयोजनमूलक हिंदी में अंतर स्पष्ट करते हुए प्रयोजनमूलक हिंदी की विशेषताएं बताइए।

iii. राजभाषा हिंदी के संबंध में सांविधानिक प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

iv. आलेखन का अर्थ और इसके विविध अंगों की चर्चा कीजिए।

v. व्यक्तिगत पत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

****************

**+3 SEM-1(NEP)**

**HIN-AEC-1(SCI/COMM)**

**DECEMBER, 2024**

प्रयोजनमूलक हिंदी

पूर्णांक -100 अवधि - 3 घंटे

**1. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।** **1x10=10**

i. टिप्पणी को अंग्रेजी में कहते हैं-

क.Noting ख. Drafting

ग. Amplification घ. Posting

ii. प्रयोजनमूलक भाषा में इसका कोई स्थान नहीं-

क.कृत्रिमता ख.वैज्ञानिकता

ग.अलंकारिक घ.सरलता

iii. हिंदी दिवस प्रति वर्ष कब मनाया जाता है?

क.11 सितंबर ख. 12 सितंबर

ग .13 सितंबर घ. 14 सितंबर

iv. जो भाषा राष्ट्र की संस्कृति परंपरा और सभ्यता से जुड़ी होती है -

क.राजभाषा ख. राष्ट्रभाषा

ग.संपर्क भाषा घ .मातृभाषा

v. संपर्क भाषा को अंग्रेजी में कहते हैं-

क. Link language ख. National language

ग. Regional language घ. Court language

vi. मानक हिंदी का स्वरूप है -

क.संस्कृत ख. अपभ्रंश

ग. खड़ी बोली घ. प्राकृत

vii. Registration शब्द का हिंदी पर्याय है -

क.रजिस्ट्रार ख.पंजीकृत

ग़.पंजीयन घ.बहीखाता

viii. Secretariate को हिंदी में लिखा जाएगा -

क.मंत्रालय ख.समाहरणालय

ग. सचिवालय घ. प्रेक्षालय

ix. टिप्पणी की प्रमुख विशेषता है -

क. संक्षिप्तता ख. निष्पक्षता

ग. प्रवहमानता घ. सभी

x. राजभाषा अर्थात -

क. राष्ट्रभाषा ख. प्रशासन की भाषा

ग. संचार भाषा घ. संपर्क भाषा

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए। 2x9=18**

i. "I fully agree with the office note" इसे हिंदी में लिखिए।

ii. "मुझे निर्देश हुआ है कि मैं आपको सूचित करूं ''इसे अंग्रेजी में लिखिए।

iii. पारिभाषिक शब्दावली किसे कहते हैं?

iv. राजभाषा का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

v. कंप्यूटर के हार्ड डिस्क का परिचय दीजिए।

vi. मदरबोर्ड के बारे में वर्णन कीजिए।

vii. हिंदी के कुछ प्रमुख इंटरनेट पोर्टल का परिचय दीजिए।

viii. किन्ही चार शब्दों का अंग्रेज़ी अनुवाद कीजिए - चपरासी, राज्यपाल, राजपत्रित - अधिकारी , विमान - चालक, संस्थापक

ix. किन्ही चार शब्दों का हिंदी अनुवाद कीजिए- transport, advocate, collector, controller, High court

**3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दीजिए। 5x8=40**

i. इंटरनेट के संपर्क उपकरणों का परिचय दीजिए।

ii. कंप्यूटर की उपयोगिता पर टिप्पणी कीजिए।

iii. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

iv. हिंदी का कार्य साधक ज्ञान कहने से आप क्या समझते हैं?

v. राजभाषा अधिनियम 1976 के बारे में एक टिप्पणी कीजिए।

vi. आलेखन तैयार करने की विधि पर चर्चा कीजिए।

vii. सूचना (Notice) की विशेषताएं नमूना के साथ बताइए।

viii. पल्लवन किसे कहते हैं? इसकी क्या विशेषताएं हैं?

ix. पारिभाषिक शब्दावली की विशेषताएं व्यक्त कीजिए।

x. टिप्पण के भेद का उल्लेख कीजिए।

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 800 शब्दों में लिखिए। 8x4=32**

i. आधुनिक युग में इंटरनेट की अनुप्रयुक्तता पर विचार कीजिए।

ii. पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धांतों का परिचय दीजिए।

iii. संक्षेपण की परिभाषा देते हुए उसके प्रमुख तत्वों का विवेचन कीजिए।

iv. सरकारी पत्रों के विविध रूपों का उल्लेख करते हुए उसकी विशेषताएं बताइए।

v. भारतीय संविधान में राजभाषा संबंधी अनुसूची तथा अनुच्छेद की व्याख्या कीजिए।

************